भारत सरकार
(जनजातीय कार्य मंत्रालय)
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं.†1
उत्तर देने की तारीख 19.07.2021

जनजातीय क्षेत्रों में कोविड-19

†1. श्री प्रताप सिम्हा:
श्री डी.एम. कथीर आनन्द:
श्री अण्णासाहेब शंकर जोल्ले:
श्री बी.वाई. राघवेन्द्र:
डॉ. उमेश जी. जाधव:

क्या जनजातीय कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) जनजातीय लोगों को टीकाकरण सुनिश्चित करने के लिए सरकार द्वारा क्या उपाय किए जा रहे हैं और यदि हां, तो जनजातीय लोग जिनका टीकाकरण किया जा चुका है, के राज्य-वार प्रतिशत का ब्यौरा क्या है;

(ख) जनजातीय क्षेत्रों में लोगों पर कोविड-19 का क्या प्रभाव पड़ा है और यदि हां, तो जनजातीय क्षेत्रों से जनहानि का राज्य-वार ब्यौरा क्या है; और

(ग) जनजातीय क्षेत्रों में कोविड-19 के कारण मृत्यु के प्रतिशत का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

जनजातीय कार्य राज्यमंत्री
(श्रीमती रेणुका सिंह सरूता)

(क) 16 जनवरी 2021 से देश भर में कोविड-19 टीकाकरण अभियान चल रहा है। 21 जून 2021 से, 'राष्ट्रीय कोविड टीकाकरण कार्यक्रम के कार्यान्वयन के लिए संशोधित दिशानिर्देश' लागू हो गए हैं, जिसके अनुसार सभी नागरिक अपनी आय की स्थिति के बावजूद मुफ्त टीकाकरण के हकदार हैं।

कोविड -19 टीकाकरण अभियान, लिंग, सामाजिक-आर्थिक वर्ग या निवास आदि के आधार पर कोई भेदभाव नहीं करता है। हालांकि, जनजातीय क्षेत्रों में लोगों के टीकाकरण को सुनिश्चित करने के लिए सभी प्रयास किए गए हैं, जो कॉमन सर्विस सेंटर पर रजिस्ट्रेशन के विकल्पों तक ही सीमित नहीं है अपितु कोविड -19 टीकाकरण केंद्र और 'बुजुर्गों और दिव्यांग लोगों के लिए घर के पास टीकाकरण केंद्र' में 'वॉक-इन रजिस्ट्रेशन' के विकल्प हैं।

कोविन पोर्टल लाभार्थियों के धर्म या जाति का रिकॉर्ड नहीं रखता है। हालांकि, 176 चिन्हित जनजातीय जिलों में, 15 जुलाई 2021 तक, कोविड-19 'टीके की कुल 4.81 करोड़ खुराक दी जा चुकी हैं। प्रशासित (दी गई) खुराकों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार विवरण अनुलग्नक -1 में है।

(ख) जनजातीय क्षेत्र अतिरिक्त चुनौतियां पेश करते हैं और इसलिए अतिरिक्त ध्यान देने की आवश्यकता है। जनजातीय समुदाय भौगोलिक और सामाजिक आर्थिक रूप से अपेक्षाकृत अलग-थलग हैं और स्वास्थ्य देखभाल तक उनकी पहुंच कम है। तदनुसार, भारत सरकार ने पेरी-शहरी, ग्रामीण और जनजातीय क्षेत्रों में कोविड-19 की रोकथाम (कन्टेनमेंट) और प्रबंधन पर एक एसओपी जारी किया है।

(ग) सरकार द्वारा शहरी/ग्रामीण/जनजातीय विभाजन के अनुसार, कोविड-19 मृत्यु दर पर इस तरह का कोई केंद्रीकृत डेटा नहीं रखा जाता है।

अनुलग्नक **1**

जनजातीय क्षेत्रों में प्रशासित (दिए गए) कोविड-19 टीकों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र–वार विवरण

(15 जुलाई 2021 तक)

क्र.सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	जनजातीय जिलों की संख्या	कोविड -19 वैक्सीन की दी गई खुराकें
1	अंडमान व निकोबार द्वीप समूह	1	24,118
2	आंध्र प्रदेश	1	17,57,749
3	अरुणाचल प्रदेश	16	4,89,130
4	असम	7	10,01,812
5	बिहार	6	30,85,679
6	छत्तीसगढ	19	57,80,523
7	दादरा और नगर हवेली	1	3,01,350
8	गुजरात	10	51,37,007
9	हिमाचल प्रदेश	3	3,82,940
10	जम्मू और कश्मीर	3	6,59,835
11	झारखंड	19	62,55,460
12	लद्दाख	2	2,46,019
13	लक्षद्वीप	1	60,540
14	मध्य प्रदेश	19	62,14,624
15	महाराष्ट्र	5	35,40,649
16	मणिपुर	5	1,57,879
17	मेघालय	8	7,41,793
18	मिजोरम	8	5,71,343
19	नागालैंड	11	6,33,241
20	उड़ीसा	14	44,98,193
21	राजस्थान	5	30,31,378
22	सिक्किम	4	5,76,491
23	तेलंगाना	1	3,81,523
24	त्रिपुरा	5	14,48,597
25	पश्चिम बंगाल	2	11,54,184
	भारत	**176**	**4,81,32,057**

*****